हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NIRF RANKING 2025
Ranked in the Top 101-150 Universities
NAAC Accredited
UGC & AICTE Approved
600+ International Students from 33 Countries
130+ Career-Focused Programs
400+ Recruitment Partners
1200+ Internships Offered
Highest Package: INR 29 LPA

Faculty of Information Technology & Computer Science

Turn Your Passion for Tech Into a **High-Growth Career.**

LEARN TODAY LEAD TOMORROW

Undergraduate
- **BCA in Artificial Intelligence & Machine Learning**
- **B.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Bachelor of Animation & VFX**

Postgraduate
- **MCA** • **M.CS in AI & ML and Cybersecurity**
- **Master of Data Science** • **PGDCA**
- **Master of Animation & VFX**

Diploma
- **Diploma in Computer Applications (DCA)**

New-Age Specialisations
- **BCA in Game Development with AI** in collaboration with Hi TECH ANIMATION

Powered by Industry Experts
- **In Collaboration with IBM Innovation Centre for Education**
- **Industry-designed AI & ML curriculum**
- **Practical learning with advanced labs**

**7 Centres of Excellence** (For Practical & Applied Learning)
- TechnoViz Automation — for Industrial Internet of Things (IIoT)
- Godawari | eblu — for Research and Training on Electric Vehicles
- IBM Innovation Centre for Education — for B.Tech CS in AI & ML
- JUSTAUTO — for Repair & Monitor of Maintenance of Vehicles
- BDS Education — for Robotics, Coding, and Drones
- Proud to say IamSMEofIndia — for Micro, Small, and Medium Enterprises (MSME)
- BOSCH — for Bridge Courses

**Research & Advanced Infrastructure :**
- 90+ Advanced Laboratories (SIRO Recognised by the Govt. of India)
- Exclusive Central Instrumentation Facility (CIF) (High-end research equipment)

**Startup Ecosystem :**
- Kalinga Incubation Foundation (KIF) • 7 Functional Startups on campus
- Your startup journey starts with our mentorship



*Everything you need to build a successful tech career. All in one place.*

Top Recruiters
Infosys | Wipro | Oracle | Capgemini | TCS | Accenture | Bosch | Godawari | Adani | Biocon

**+91-9907252100**

Campus: Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur - 492101, Chhattisgarh
City Office: 2nd Floor, Aditya Heights, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001, Chhattisgarh
Bhilai Office: 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Apply through Entrance Examinations
**KALSEE/KAL-MAT**

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 29 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री


पूर्व सैनिकों का मंदिरों में चला स्वच्छता अभियान 10





बड़े डोंगर शिविर में हुआ 107 श्रमिकों का पंजीयन 10






## खबर संक्षेप



### नवरात्रि पर दंतेश्वरी सेवा वाहिनी ने किया भंडारा

**जगदलपुर।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर बस्तर की आराध्य मां दंतेश्वरी की सेवा में समर्पित मां दंतेश्वरी सेवा वाहिनी द्वारा इस वर्ष भी विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। संस्था के संस्थापक दिलीप देव ने बताया कि सेवा वाहिनी विगत 10 वर्षों से निरंतर मां की सेवा में जुटी हुई है और हर वर्ष नवरात्र पर्व को विशेष रूप से मनाया जाता है। 28 मार्च को मां दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष भव्य महाभण्डारे का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन में शश्मिता साहू, सुनीता तिवारी, सीमा देव, नीतू देवांगन, ममता ठाकुर, गीता सिन्हा, अलका,पूजा वर्मा,संध्या महावर सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

### मट्टीमरका व नम्बी के ग्रामीणों ने ईको टूरिज्म मॉडलों का किया अध्ययन



**जगदलपुर।** इन्द्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के अंतर्गत ईको डेव्हलमपेंट समिति के सदस्यों द्वारा आजीविका विकास संबंधी शैक्षणिक भ्रमण ताडोबा अंधेरी टायगर रिजर्व में संपन्न हुआ। हॉल ही में 3 दिवसीय तक आयोजित इस दौरे में ग्राम मट्टीमरका एवं नम्बी के ग्रामीणों ने ईको टूरिज्म के सफल मॉडलों का अध्ययन किया। सदस्यों ने सीखा कि कैसे पर्यटन के माध्यम से स्थानीय समुदायों के रोजगार के अवसर पैदा किया जा सकते हैं। टूरिस्टों के लिए रूकने के लिए होम सेट, टेन्ट की व्यवस्था, टूरिस्टों के लिए ब्रम्हा ब्रिज जिसके रस्सी के माध्यम से एक ओर से दूसरे ओर जाना, जिपजेक बेलेन्स के माध्यम से एक ओर से दूसरे ओर चलना, जिप लाईन, कमाण्डो नेट-एक ओर से दूसरे ओर जाना, स्पॉट वॉल, काया किंग, नेचर ट्रेल-टूरिस्टों को सुबह या शाम के समय में 2 किमी पैदल चलाना, जंगल सफारी-समिति सदस्यों के द्वारा टूरिस्टों को जिप्सी के माध्यम से जंगल भ्रमण कराना। टूरिस्टों के लिए मनोरंजन कार्यक्रम करना, टूरिस्टों के लिए क्षेत्र भ्रमण के दौरान गाईड करना, टूरिस्टों के लिए स्थानीय लोकल व्यंजन का प्रबंध करना, साफ-सफाई का प्रबंधन करना सीखा।

# कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को विश्व धरोहर सूची में लाने की पहल

## जनजातीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर वेली राष्ट्रीय पार्क को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने हेतु नामांकन डोजियर तैयार करने के लिए कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (विल) के बीच एक समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता कांगेर घाटी के समृद्ध जैव-विविधता, अद्वितीय गुफा तंत्र, घने वनों और जलप्रपातों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। यह राष्ट्रीय उद्यान अपनी विशिष्ट पारिस्थितिकी, दुर्लभ वन्यजीवों और प्राकृतिक संरचनाओं के लिए जाना जाता है। यहां स्थित कुटुमसर और कैलाश गुफाएं, तीरथगढ़ जलप्रपात तथा घने साल वनों की श्रृंखला इसे विशेष बनाती हैं। साथ ही यह क्षेत्र बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, परंपराओं और प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को भी दर्शाता है, जो यूनेस्को की आउटस्टेडिंग यूनवर्सल वेलू की अवधारणा के अनुरूप है। वल्डलाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया इस परियोजना के अंतर्गत उद्यान की जैव-विविधता का वैज्ञानिक मूल्यांकन, भू-आकृतिक और पारिस्थितिक अध्ययन, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक महत्व का दस्तावेजीकरण, प्रबंधन योजना एवं संरक्षण रणनीतियों का विकास जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को अंजाम देगा। साथ ही स्थानीय जनजातीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित कर उनकी आजीविका को भी सशक्त किया जाएगा।

### नामांकन डोजियर तैयार करने एमओयू

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह नामांकन सफल होता है, तो कांगेर वेली राष्ट्रीय पार्क को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में स्थान मिल सकता है, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार और संरक्षण के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे।




### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

इस संबंध में कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि यह पहल कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यूनेस्को नामांकन के माध्यम से न केवल इस क्षेत्र की जैव-विविधता और प्राकृतिक धरोहर को वैश्विक पहचान मिलेगी, बल्कि स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार एवं आजीविका के नए अवसर भी सृजित होंगे। साथ ही यह संरक्षण और सतत पर्यटन को भी बढ़ावा देगा।

## जांच न सैंपलिंग, विभाग की बेपरवाही उजागर

# बर्ड फ्लू प्रोटेक्शन सिस्टम फेल, हाई अलर्ट के दावे खोखले, गाइडलाइन कागजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बर्ड फ्लू के लक्षण बिलासपुर में सामने आने के बाद पूरे बस्तर संभाग को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संभाग के सातों जिलों के लिए सख्त गाइडलाइन जारी किए जाने का दावा किया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है।

निर्देशों में बाहरी राज्यों से आने वाले पक्षियों की जांच, कुक्कट फार्मों की निगरानी, दवा छिड़काव और सैंपल टेस्टिंग जैसे अहम कदम शामिल हैं, परंतु ग्राउंड जीरो पर इनका कोई असर दिखाई नहीं दे रहा। न कहीं सैंपल लिए जा रहे हैं, न ही बाहरी पक्षियों की जांच की जा रही है। ऐसे में यह सवाल उठना लाज़िमी है कि आखिर विभाग का 'हाई अलर्ट' केवल कागज़ों तक ही सीमित क्यों है। स्थिति और भी चिंताजनक इसलिए है क्योंकि बस्तर संभाग में पोल्ट्री व्यवसाय बड़े पैमाने पर फैला हुआ है। यदि समय रहते सतर्कता नहीं बरती गई तो संक्रमण के फैलने का खतरा बढ़ सकता है। बावजूद इसके,विभाग की निष्क्रियता आम लोगों और पशुपालकों की चिंता बढ़ा रही है। जब इस संबंध में पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त संचालक डॉ जे नेताम से पक्ष लिया गया,तो उन्होंने बताया कि सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं और समीक्षा बैठक के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### कागजी अलर्ट बनाम ज़मीनी सच्चाई

बस्तर संभाग में बर्ड फ्लू को लेकर जारी हाई अलर्ट की सच्चाई यह है कि अधिकांश निर्देश केवल फाइलों तक सीमित नजर आ रहे हैं। न तो कुक्कट फार्मों में नियमित निरीक्षण हो रहा है,न ही किसी तरह की सैंपलिंग की प्रक्रिया तेज हुई है। बाहरी राज्यों से आने वाले पक्षियों की जांच भी नदारद है,जिससे संक्रमण का खतरा और बढ़ गया है। विभागीय दावे और जमीनी हालात के बीच की यह खाई साफ दर्शाती है कि सतर्कता के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई जा रही हैं,जबकि वास्तविक कार्रवाई का अभाव बना हुआ है।

# वंगापल्ली मारपीट मामले में आठ आरोपी जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़/बीजापुर/भोपालपटनम

पिछले 26 मार्च को दम्पाया निवासी सुनील लम्बाडी ने थाना मद्देड़ में आवेदन प्रस्तुत किया था जिसमें ग्राम वंगापल्ली के करीब 20-25 व्यक्तियों द्वारा विकास कावटी एवं संतोष कावटी के साथ लाठी-डंडा एवं हाथ-मुक्का से मारपीट की गई थी। थाना मद्देड़ में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ की गई। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से घटना के 24 घंटे के भीतर प्रकरण में संलिप्त 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर 27 मार्च को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायिक रिमांड पर सभी को जेल भेजा गया।

प्रकरण में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस अधीक्षक डॉ जितेन्द्र कुमार यादव ने अफवाह से बचने के लिए क्षेत्र की जनता के लिए आवश्यक एडवाईजरी जारी की है । समस्त थाना प्रभारियों को अपने -अपने थाना क्षेत्र में जन प्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रमुख की बैठक आयोजित कर इस प्रकार की अफवाह से बचने एवं सतर्क रहने निर्देश जारी किया गया है।

# टैक्स बकायादारों पर सख्ती, नाम होंगे सार्वजनिक, कुर्की-सीलबंदी की तैयारी

31 मार्च तक कर जमा करने की अंतिम चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ नहीं चुकाया टैक्स तो 10 प्रतिशत पेनाल्टी और सख्त कार्रवाई होगी

नगर पालिक निगम का राजस्व विभाग संपत्ति कर वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाने जा रहा है। शहर के प्रत्येक वार्ड में बड़े बकायादारों की सूची तैयार की जा रही है और तय समय सीमा तक कर जमा नहीं करने वालों के नाम सार्वजनिक करने की तैयारी है। निगम प्रशासन ने साफ कर दिया है कि लंबे समय से कर नहीं चुकाने वाले बकायादारों के खिलाफ नियमानुसार कुर्की और सीलबंदी की कार्रवाई भी की जाएगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन की तिथि 31 मार्च नजदीक आते ही निगम ने वसूली अभियान तेज कर दिया है। संपत्ति कर नहीं पटाने वाले बड़े डिफॉल्टरों के नाम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से सार्वजनिक किए जाएंगे, साथ ही शहर के प्रमुख स्थानों पर सूची चस्पा की जाएगी। अन्य शहरों की तर्ज पर यह कार्रवाई जगदलपुर में भी लागू की जा रही है। इसके अलावा बकाया राशि नहीं चुकाने पर संपत्तियों को सीज करने तथा जलकर बकायादारों के नल कनेक्शन काटने जैसी कार्रवाई भी जारी है। आयुक्त प्रवीण वर्मा ने नागरिकों से अपील की कि वे कार्रवाई से बचने के लिए तत्काल अपना बकाया कर जमा करें।

# पेट्रोल-डीजल में एक्साइज ड्यूटी में कटौती का लाभ जनता को मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया

रामनवमी पर केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में की गई कटौती पर वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय देश के करोड़ों नागरिकों को राहत देने वाला है। इससे महंगाई के दबाव से जूझ रहे परिवारों को सहारा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने हमेशा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। पेट्रोल पर 10 की कटौती कर एक्साइज ड्यूटी को घटाकर 3 करना और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त करना एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। इससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, वहीं परिवहन लागत कम होने से आवश्यक वस्तुओं के दामों में कमी आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर चल रहे आर्थिक संकट और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बावजूद केंद्र सरकार ने संवेदनशीलता के साथ यह फैसला लिया है । वह सरकार की जनकल्याणकारी सोच को दर्शाता है। इस कदम से किसानों, व्यापारियों, परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों और आम नागरिकों को लाभ मिलेगा। वन मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर विकास की दिशा में बढ़ रहा है और ऐसे फैसले सरकार की आम जनता के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।

# आर्ट गैलरी में सजी भित्ति चित्रों की प्रदर्शनी को विधायक ने बताया अद्भुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर की माटी की सोंधी महक और यहां की प्राचीन लोक कलाओं को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ दलपत सागर के समीप बस्तर आर्ट गैलरी में भित्ति चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बस्तर की 'जगार शैली' और सरगुजा की 'रजवार शैली' के चित्रों ने आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विधायक किरण सिंह देव ने कलाकारों की कल्पनाशीलता की सराहना की। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उन्होंने प्रत्येक कृति की बारीकियों को गहराई से समझा और इन्हें बस्तर की सांस्कृतिक पहचान का गौरव बताया। विजिटर बुक में अपने भाव व्यक्त करते हुए उन्होंने इस कला को अद्भुत की संज्ञा दी और कहा कि पारंपरिक शैलियों को आधुनिक मंच प्रदान करना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने आयोजन समिति बादल आसना और संस्कार भारती के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि ऐसे कार्यक्रमों से स्थानीय कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी। विधायक ने संस्था को भविष्य में भी कला संरक्षण के ऐसे कार्यों को निरंतर जारी रखने हेतु शुभकामनाएं दी। बड़ी संख्या में पहुंचे प्रबुद्धजनों और नागरिकों ने इन चित्रों को लोकगाथाओं का जीवंत दस्तावेज बताया। दर्शकों का कहना था कि राजेन्द्र राव राऊत और डॉ. शशिप्रिया उपाध्याय के मार्गदर्शन में तैयार हुए ये चित्र न केवल दीवारें सजा रहे हैं, बल्कि छत्तीसगढ़ की विलुप्त होती परंपराओं को पुनर्जीवित कर रहे हैं। बादल और संस्कार भारती के विशेषज्ञों का विशेष योगदान रहा। 25 फरवरी से आयोजित हुई कार्यशाला के 50 प्रशिक्षार्थियों की मेहनत को लोगों ने सराहा।

## सेवा का संगम रक्तदान शिविर में युवाओं ने किया 60 यूनिट रक्तदान

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्व पर किया मोबाइल प्याऊ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर







भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन अवसर पर स्थानीय ओसवाल भवन में समाज सेवा से जुड़े दो महत्वपूर्ण आयोजन संपन्न हुए। ओसवाल जैन युवा संगठन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अब तक 60 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में डिमरपाल हॉस्पिटल की टीम का विशेष सहयोग रहा, वहीं युवा कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। इसी क्रम में जैनिज्म परिवार द्वारा चिलचिलाती गर्मी में राहगीरों को राहत प्रदान करने हेतु मोबाइल प्याऊ का विधिवत शुभारंभ किया गया। वर्षों से संचालित इस सेवा का उद्देश्य गर्मी के दिनों में आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि आगामी दिनों में शरबत वितरण सहित अन्य जनसेवा गतिविधियों को भी विस्तार दिया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ सदस्य कांतिलाल टाटिया द्वारा फीता काटकर किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य सदस्य, महिला शाखा एवं युवा संगठन के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को समाज सेवा की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम बताया और आयोजन की सराहना की। इस दौरान समाज अध्यक्ष भंवर बोथरा, महासचिव अनिल कागोत सहित कांतिलाल टाटिया,संदीप पारख,श्रीपाल दुग्गड़,मनोहर लूनिया, मनोहर गोलछा,नरेंद्र ढेलड़िया,राकेश बोथरा, पवन मोदी,प्रकाश बाफना,भोमराज बुरड़, जयेश बरडिया,शिखर मालू,हर्ष मिन्नी,हर्ष तातेड़,विजय रीड, शुभम तातेड़,अंशुल गोलच्छा, सनी लुक्कड़,संदीप कागोत, कमलेश बरडिया, प्रतीक बंगानी, श्रेणिक श्रीमाल, मोहित बाफना, मौली भंडारी, रेखा कागोत, मिशा तातेड़, खुशबू बाफना, नेहा श्रीमाल, शिल्पा लुक्कड़, वर्षा दुग्गड़ सहित अनेक सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।

### सेवा और समर्पण की मिसाल

महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर और मोबाइल प्याऊ का शुभारंभ समाज में सेवा और समर्पण की भावना को दर्शाता है। एक ओर जहां रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंदों के जीवन को बचाने का प्रयास किया गया, वहीं मोबाइल प्याऊ के जरिए भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने का संकल्प लिया गया। इस प्रकार के आयोजन समाज में मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करते हैं और युवाओं को सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं।




## खबर संक्षेप

### आवेदनों के परीक्षण के लिए समिति का गठन

**दंतेवाड़ा।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय एवं भारत के महारजिस्ट्रार के निर्देशानुसार जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य को सुचारू रूप से संपादित करने के उद्देश्य से जिले के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत चिकित्सा अवकाश संबंधी समस्त आवेदनों के परीक्षण एवं सत्यापन के लिए जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में गठित मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर निर्णय लेने हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। गठित समिति में मूलचंद चोपड़ा, जिला जनगणना अधिकारी, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला दंतेवाड़ा तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिविल सर्जन जिला दंतेवाड़ा को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। उक्त समिति प्राप्त आवेदनों पर मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का परीक्षण कर अपना अभिमत प्रस्तुत करेगी तथा आवश्यकतानुसार संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को जनगणना कार्य से मुक्त करने संबंधी निर्णय सुनिश्चित करेगी।

एकजुटता से ही समाज का होगा विकास : जयदेव

# रामनवमी पर धाकड़ समाज का सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर

रामनवमी के पवित्र पावन पर्व पर शुक्रवार को सम्पूर्ण धाकड़ समाज जिला बस्तर के 18 क्षेत्र के समाज सदस्य बिरिंगपाल पंडरीपानी में एकत्र होकर सामाजिक सम्मेलन का हिस्सा बने।

हजारों की संख्या में महिलायें कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए एवं युवाओं ने राम की शोभायात्रा से पहले बाइक पर जुलूस निकाला। डीजे व बाजे

- हजारों की संख्या में महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा किया रूद्र का अभिषेक

की धून पर राम भक्त नाचते-गाते शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। पिछले तीन वर्षो से धाकड़ समाज द्वारा लोहण्डीगुड़ा में यह आयोजन किया जाता रहा। इस वर्ष बिरिंगपाल पंडरीपानी में कलश यात्रा के साथ आयोजन प्रारम्भ हुआ। महिलायें कलश को रंगो से सजाकर आम पत्र के साथ लेकर आये थे निर्माणाधीन समाज भवन से पुजारी एवं पंडित के द्वारा पूजन कर कलशों में हल्दी चाँवल एवं जल डाला गया त्तपश्चात रैली शिवालय के लिए निकल पड़ी। कलश यात्रियों के लिए





पेयजल एवं नाश्ते की व्यवस्था जगह जगह पर की गई थी।मंदिर पहुंचकर सभी ने दो घंटो तक रूद्र का जल से अभिषेक किया। उसके पश्चात सभी समाज सदस्य मंच निर्माणाधीन समाज भवन पहुंच खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया धाकड़ समाज के जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने सभी क्षेत्र के अध्यक्ष सचिव सक्रिय कार्यकर्त्ता का स्वागत किया और आगामी वर्ष भी ऐसे भव्य रामनवमी कार्यक्रम करने की बात कही।

कार्यक्रम के मुख्यअतिथि कुमार जयदेव ने कहा कि धाकड़ समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए हमें एकजुटता लाना होगा। धाकड़ समाज एक सभ्य समाज है एवं बस्तर में आदिकाल से निवासरत है किंतु भिन्न भिन्न रहने की वजह से इनका वर्चस्व समाप्त होते जा रहा है हमें एकजुट होना चाहिए एवं जागरूकता लाना चाहिए तभी धाकड़ समाज आगे बढ़ सकता है।

समाज के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि आज हमारे समाज में बेटियों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ाना चाहिए उनको आगे लाने का प्रयास करना चाहिए। आज बेटियां भी किसी से कम नही है घाटी से लेकर पर्वत की चोटी तक भारत की बेटियों ने परचम लहराया है वैसे ही समाज के बेटी भी पढ़ेगी तो परिवार का नाम समाज का नाम देश का नाम रोशन करेगी। पुलिस प्रशासन भी अच्छी व्यवस्था बनाये रखने में योगदान दिया। पुलिस सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष बद्रीनाथ ठाकुर तुलाराम ठाकुर पूरन सिंह, लक्ष्मण ठाकुर, राजूराम ठाकुर, सोनाधर सिंह ठाकुर, बली ठाकुर शंकर ठाकुर सुरेश ठाकुर मीडिया प्रेमसागर ठाकुर, भोला ठाकुर सोवेन्द्र ठाकुर शोभा सिंह ठाकुर, मनोज ठाकुर सुरेन्द्र ठाकुर, महिला सदस्य ललिता ठाकुर, सुभद्रा, खेमेश्वरी, कमली ठाकुर गीता ठाकुर, सावित्री ठाकुर एवं समस्त धाकड़ समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# विधायक धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸| घाटलोहंगा

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल आज क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में आयोजित धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत बागमोहलई में माता गंगादई की प्राण प्रतिष्ठा एवं नव निर्मित मंदिर के महायज्ञ में सहभागिता निभाई।

उन्होंने माता गंगादई की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम वासियों को बधाई देते हुए कहा कि माता गंगादई के नव मंदिर का निर्माण गांव की आस्था और एकजुटता का प्रतीक है। विशेष रूप से बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं-बहनों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी आस्था और श्रद्धा आज साकार रूप में दिखाई दे रही है । साथ ही उन्होंने नवयुवकों से भी इसी प्रकार धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़े रहने का आह्वान किया। इसके पश्चात विधायक बालेंगा में आयोजित चैत्र मेले में शामिल हुए जहां उन्होंने शीतला माता की पूजा कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बालेंगा मंदिर परिसर में बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया।

# 44356 उपभोक्ताओं ने कराया समाधान योजना में पंजीयन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बिजली बिल के बकायादारों से बकाया राशि वसूल करने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री बिजली बिल समाधान योजना का लाभ लेने बस्तर संभाग के सातों जिलों के लगभग 44356 उपभोक्ताओं ने

- कृषि, बीपीएल उपभोक्ताओं का पूरा सरचार्ज होगा माफ

पंजीयन कराया। इसमें से बीपीएल के 39650, एपीएल के 3480 एवं कृषि के 1226 उपभोक्ता शामिल हैं। इस योजना के तहत सभी श्रेणियों यानि अशासकीय घरेलू, कृषि, बीपीएल उपभोक्ताओं का पूरा सरचार्ज माफ होगा। योजना में शामिल होने के लिए बकायादारों को न केवल पहले पंजीयन कराना होगा, बल्कि बकाया बिल की 10 फीसदी राशि का भुगतान करना होगा। समाधान योजना योजना में मीटर रीडरों की अहम भूमिका रहेगा। उपभोक्ताओं से बकाया बिल का भुगतान कराने वाले मीटर रीडरों को भी विशेष प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

### लोगों को कर रहे जागरूक

विद्युत कंपनी जगदलपुर वृत्त के अधीक्षण अभियंता केव्ही मैथ्यू ने बताया कि मैदानी कर्मियों द्वारा लगातार समाधान योजना के संबंध में लोगों को जागरूक कर अधिक से अधिक पंजीयन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### डीएवी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**जगदलपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल नकटी सेमरा में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की उपस्थिति में परिणाम की घोषणा की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्राचार्य शैलेश कुमार एवं शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को आगे भी निरंतर परिश्रम करने एवं अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का प्रारंभ एक अप्रैल से किया जाएगा। सभी विद्यार्थियों को समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर नई कक्षाओं की पढ़ाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि आगामी सत्र में भी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता रहेगा।

श्रीराम नवमी पर ईंधन राहत, एक्साइज ड्यूटी में बड़ी कटौती

# जनहित में बड़ा निर्णय, महंगाई पर राहत की उम्मीद : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में की गई भारी कटौती को जनहित में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है। इस फैसले से आम उपभोक्ताओं को महंगाई से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। ईंधन की कीमतों में कमी का सीधा असर परिवहन लागत पर पड़ेगा, जिससे दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम भी नियंत्रित हो सकते हैं।



बस्तर लोकसभा सांसद महेश कश्यप ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने हमेशा जनता के हितों को सर्वोपरि रखा है और आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करती है।

श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर घोषित इस निर्णय को सरकार की जनसंवेदनशील नीति के रूप में देखा जा रहा है। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में उल्लेखनीय कमी करते हुए इसे घटाकर न्यूनतम स्तर पर लाया गया है, वहीं डीजल पर लगने वाले शुल्क को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसे देशभर के नागरिकों के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है। केंद्र सरकार के इस निर्णय को वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बीच देशवासियों को राहत पहुंचाने की दिशा में अहम कदम बताया गया है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी सरकार द्वारा किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए इसे निरंतर जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का उदाहरण माना गया है। कठिन परिस्थितियों में भी आर्थिक संतुलन बनाए रखने और नागरिकों के हितों को प्राथमिकता देने की नीति को सराहा गया है।

### निर्णय का असर

ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी में कटौती से आम जनता को सीधे राहत मिलने की संभावना है। परिवहन लागत कम होने से खाद्य सामग्री, निर्माण सामग्री और अन्य दैनिक उपभोग की वस्तुओं की कीमतों में कमी आ सकती है। इसके साथ ही व्यापार और उद्योग क्षेत्र को भी राहत मिलेगी, जिससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। यह कदम महंगाई नियंत्रण की दिशा में प्रभावी माना जा रहा है और आम नागरिकों के बजट पर सकारात्मक असर डाल सकता है।

# राहगीरों को वितरित किया गया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोंड

नगर पंचायत बस्तर के भाटीपारा में माता समिति द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पुलिस थाना के सामने एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों ने भाग लिया। भंडारे का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सेवा भाव से प्रसाद वितरण करना और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना था। राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजरने वाले लोग अपनी गाड़ियां रोककर भंडारे में पहुंचे और श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा। माता रानी के जयघोष से वातावरण गूंज उठा, जिससे वहां उपस्थित सभी लोगों में उत्साह और भक्ति की भावना देखने को मिली। माता समिति के सदस्यों ने बताया कि यह भंडारा हर वर्ष श्रद्धा और सेवा भाव के साथ आयोजित किया जाता है, जिसमें आसपास के ग्रामीणों का भी सहयोग मिलता है। समिति के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था संभालते हुए आने-जाने वाले लोगों को सुव्यवस्थित तरीके से प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने भी बढ़-चढ़कर



हिस्सा लिया और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। भंडारे के माध्यम से सामाजिक एकता और सेवा की भावना का संदेश दिया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि समाज में सहयोग और परोपकार की भावना को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ। इस अवसर पर मुन्ना पार्कर पवन पाकर ज्योति पार्कर, ज्योति साहू, चंद्र मौर्य, कुमारी निहारिका साहू, ममता साव, नीलम तोमर , दीक्षा तोमर, सुनील सिंह तोमर, आयुष तोमर, सुषमा पटेल, अंकित नैतिक साहू अर्जुन पटेल, असीम देवनाथ, रुद्र देवनाथ, रितु देवनाथ, रजनी पिल्लई अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

# राम भक्तों को शीतल पेय का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर

जगदलपुर चांदनी चौक में रामनवमी पर्व के पावन अवसर पर सुंडी समाज बस्तर जिला ने शोभायात्रा में पहुंचे राम भक्तों को धूप और गर्मी से बचने के लिए भक्तों को शीतल पेय प्रदान किया जो भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं के लिए राहत का कार्य बना। शोभायात्रा में जन सैलाब के लिए कई जगह



स्टाल लगाए गए थे। जहां सभी उम्र के लोगों ने सेवा कार्य में भाग लिया। सुंडी समाज की एकता और राम भक्ति का प्रतीक बना जहां समाज के सभी उम्र के लोग सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर शामिल हुए।

# बंजारिन वन दुर्गा माता मंदिर में भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दरभा

झीरम घाटी में स्थित बंजारीन माता मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां बंजारीन वन दुर्गा जन कल्याण सेवा समिति दरभा घाटी दरभा के द्वारा रामनवमी के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

'जय माता दी' के जयकारों से पूरा घाटी क्षेत्र भक्तिमय हो गया। भंडारा दोपहर 12 बजे शुरू हुआ और देर रात तक जारी रहा। इसमें राहगीरों और इस सड़क से गुजराने वाले बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं और स्थानीय निवासियों सहित



हजारों भक्तों ने श्रद्धापूर्वक सब्जी-पूड़ी और खीर का प्रसाद ग्रहण किया। भक्तों का विश्वास है कि झीरम घाटी में स्थित बंजारीन वन दुर्गा मंदिर में सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है।

नवरात्रि के दौरान यहां भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है और समिति द्वारा हर वर्ष इसी तरह के भव्य आयोजन किए जाते हैं।

# प्रभारी मंत्री ने किया मेगा सुपर स्पेशलिटी हेल्थ कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए 28 एवं 29 मार्च को मिनी स्टेडियम, सुकमा में जिलास्तरीय मेगा सुपर स्पेशलिटी

- मंत्री ने कैम्प में कराई स्वास्थ्य जांच, लोगों से हुए रूबरू

हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप ने विधिवत पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, पेट संबंधी रोग, किडनी, कैंसर, बाल रोग एवं श्वास रोग जैसी गंभीर बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। प्रभारी मंत्री ने स्वयं भी शिविर में बीपी, शुगर सहित अन्य स्वास्थ्य जांच कराई तथा शिविर में पहुंचे मरीजों से चर्चा कर उनकी स्वास्थ्य समस्याओं की जानकारी ली।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर अमित कुमार ने जिले की प्राथमिक जानकारी प्रस्तुत की। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री ने कहा कि वर्षों से नक्सलवाद की पीड़ा को जिले के वनांचल क्षेत्र के लोगों ने सहा है,



लेकिन अब शासन द्वारा लगातार विकास एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में ठोस कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क उपचार, तथा पुवर्ती में उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण जैसे कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र में विकास की नई राह खुल रही है और नक्सलमुक्ति की दिशा में जिले ने ऐतिहासिक प्रगति की है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मेगा कैंप में हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं तथा लगभग 40 विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं।

कार्यक्रम में एसपी किरण चव्हाण, जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर, कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. मंजूनाथ, एसडीएम सूरज कश्यप, महिला आयोग सदस्य दीपिका सोरी, सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया, नगर पालिका अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम, जिपं उपाध्यक्ष महेश कुंजाम, जनपद उपाध्यक्ष रीना पेद्दी, नगर पालिका उपाध्यक्ष भुवनेश्वरी यादव, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, दिलीप पेद्दी, विश्वराज चौहान, संजय सोढ़ी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अभियान के विश्वजीत को मिला बस्तर भूषण सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

सांस्कृतिक संस्था नव जनरंग के द्वारा विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर संस्था अभियान के बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार विश्वजीत भट्टाचार्य को बस्तर भूषण सम्मान से सम्मानित किया है। यह सम्मान अभियान के संस्थापक स्व सत्यजीत भट्टाचार्य की स्मृति में नव जनरंग द्वारा प्रतिवर्ष दिया जाता है।

- विश्व रंगमंच दिवस पर नव जनरंग का आयोजन

इस अवसर पर बस्तर आर्ट गैलरी में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, वरिष्ठ रंग निर्देशक एमए रहीम, प्रसिद्ध लेखक सुभाष पांडे के हाथों यह सम्मान उन्हें प्राप्त हुआ। इसी अवसर





पर संस्था के संस्थापक व वरिष्ठ कलाकार, निर्देशक जीएस मनमोहन द्वारा लिखित पुस्तक मेरी रंगयात्रा मंच पर मंच परे का विमोचन भी अतिथियों के हाथों हुआ। लेखक व रंगकर्मी हिमांशु शेखर झा ने पुस्तक के कथानक के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। मंच पर मौजूद अतिथियों ने सभी कलाकारों को विश्व रंगमंच दिवस की शुभकामनाएं दी और रंगमंच से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए। मंच संचालन जी श्याम एवं गायत्री आचार्या ने किया। निर्मल सिंह राजपुत ने अभिनंदन पत्र पढ़ा।

कार्यक्रम में अभियान संस्था के अध्यक्ष कैलाश चौहान सहित पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में अभियान के सदस्य शामिल हुए। साथ ही नव जनरंग के सदस्य, शहर के उम्दा कलाकार, साहित्यकार, लेखक, कवि एवं रंगमंच से जुड़े बड़ी हस्तियां भी मौजूद थी।

# कृष्ण प्रकाश सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की मिली जिम्मेदारी

**दोरनापाल।** सुकमा जिले के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण प्रकाश सिंह को राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के मध्यप्रदेश कार्यालय से जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के विस्तार एवं क्षेत्र में किसानों और मजदूरों के हितों को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि कृष्ण प्रकाश सिंह चौहान लंबे समय से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। संगठन ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वे संगठन की नीतियों एवं दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए छत्तीसगढ़ में संगठन को मजबूत करेंगे और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का कार्य करेंगे। नियुक्ति पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि वे क्षेत्र में किसानों की समस्याओं जैसे कृषि संसाधनों की उपलब्धता, मजदूरों के अधिकार, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने तथा ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देंगे। साथ ही संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया है कि कृष्ण प्रकाश सिंह के नेतृत्व में सुकमा जिले में संगठन को नई मजबूती मिलेगी और किसान-मजदूर वर्ग की समस्याओं का प्रभावी समाधान निकल सकेगा। स्थानीय स्तर पर भी इस नियुक्ति को लेकर उत्साह का माहौल है और क्षेत्रवासियों तथा समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है। वही भिलाई से प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी पारस नाथ साहु को दी गई है।



